कार्यालय प्राचार्य,

# डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

(स्वायत्त शासी संस्थान)

नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त, ISO-9001:2015 प्रमाणित

फोन नं.– 07752424497, वेब.– *www.dpvipracollege.ac.in*, ईमेल– *dpvipracollege@gmail.com*

क्र./954/स्थापना/मुद्रण–निविदा/2025–26 बिलासपुर, दिनांक 28.03.2026

## //मुख्य सेमेस्टर, आंतरिक/प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका मुद्रण हेतु//

### निविदा आमंत्रण सूचना, नियम एवं शर्ते

डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में, महाविद्यालय के परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित परीक्षाओं के लिए महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर एवं आंतरिक/प्रायोगिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका मुद्रण कराया जाना है, अतएव दर्शित निम्नांकित विवरण के अनुसार इच्छुक पंजीकृत फर्म से सीलबंद निविदाएँ महाविद्यालय के पत्र क्र./953/स्थापना/मुद्रण/निविदा/2025–26 बिलासपुर, दिनांक 28.03.2026 को दैनिक समाचार पत्र देशबंधु बिलासपुर एवं पत्रिका बिलासपुर के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

| क्र. | विवरण | आकृति के आधार पर पृथक–पृथक दर देवें |
|---|---|---|
| 01 | महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका | साईज– 22cms X 27cms, कुल 40 पृष्ठों में, 58 GSM ओरिएंट पेपर, स्टेपलर पिन से साइड लॉकिंग, मुख्य पृष्ठ में पुस्तिका क्रमांक उल्लेखित रहेगा। |
| 02 | महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका | साईज– 22cms X 27cms, कुल 40 पृष्ठों में, 58 GSM ओरिएंट पेपर, धागा सिलाई से साइड लॉकिंग, मुख्य पृष्ठ में पुस्तिका क्रमांक उल्लेखित रहेगा। |
| 03 | महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका | साईज– 22cms X 27cms, कुल 40 पृष्ठों में, 58 GSM ओरिएंट पेपर, धागा सिलाई से साइड लॉकिंग, मुख्य पृष्ठ में पुस्तिका क्रमांक तथा सभी पृष्ठों में सरल क्रमांक उल्लेखित रहेगा। |
| 04 | महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका | साईज– 22cms X 27cms, कुल 40 पृष्ठों में, 58 GSM ओरिएंट पेपर, धागा सिलाई से साइड लॉकिंग, DPVCB छिद्रित पंच कोड, मुख्य पृष्ठ में पुस्तिका क्रमांक उल्लेखित रहेगा। |
| 05 | महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका | साईज– 22cms X 27cms, कुल 40 पृष्ठों में, 58 GSM ओरिएंट पेपर, धागा सिलाई से साइड लॉकिंग, DPVCB छिद्रित पंच कोड, मुख्य पृष्ठ में पुस्तिका क्रमांक तथा सभी पृष्ठों में सरल क्रमांक उल्लेखित रहेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 06 | महाविद्यालयीन आंतरिक/प्रायोगिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका | साईज– 22cms X 27cms, कुल 08 पृष्ठों में, 58 GSM ओरिएंट पेपर, स्टेपलर पिन से साइड लॉकिंग, मुख्य पृष्ठ में पुस्तिका क्रमांक उल्लेखित रहेगा। |

अतः उपरोक्तानुसार निविदा भरने हेतु निम्नांकित बिन्दुओं व शर्तों के तारतम्य में अपने फर्म का मुहर बंद निविदा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/पंजीकृत कोरियर के माध्यम से **"प्राचार्य, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, पुराना हाईकार्ट रोड़, बिलासपुर (छ.ग.)"** के पते प्रस्तुत कर सकते है, जो –

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि | – | **29.03.2026** या 30.03.2026 दैनिक समाचार पत्रों में |
| निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि | – | 09.04.2026 से |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | – | 09.04.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | – | 09.04.2026 अपरान्ह 04:00 बजे से |
| निविदा की अनुमानित लागत | – | राशि 7.00 (सात लाख) रूपये |
| सुरक्षा निधि (0.75%) का FDR | – | राशि 5250.00 (पॉच हजार दो सौ पचास) रूपये मात्र<br>(प्राचार्य, डी. पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के नाम पर लिफाफा "अ" में प्रस्तुत किया जावें) |

<u>नियम एवं शर्ते</u> :–

01. निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से आंमत्रित की जाती है, लिफाफा "अ" में निर्धारित निविदा की अमानत राशि का एफ.डी.आर. या छ.ग. भण्डार क्रय नियम–2002 के अनुसार छूट संबंधी प्रमाण पत्र, लिफाफा "ब" में अपने फर्म का निविदा दर सूची, फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जी.एस.टी. का जीवित प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड तथा पेन कार्ड की छायाप्रति, निविदा ई–सूचना (महाविद्यालय के वेबसाईट में अपलोडेड प्रति) हस्ताक्षर युक्त संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लिफाफा 'अ' एवं 'ब' को अन्य बड़े लिफाफे में रखकर लिफाफा के ऊपर स्पष्ट रूप से फर्म का नाम, पता, दूरभाष संख्या तथा प्रयोजन अंकित करें।
02. महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका विवराणिका में दर्शित बिंदु क्र.–01 से 05 तक में से कोई एक आकृति का पुस्तिका 60 हजार नग मुद्रित कराया जायेगा तथा आंतरिक/प्रायोगिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका भी 60 हजार नग मुद्रित कराया जायेगा। फर्म अपने निविदा दर/मुल्य में जी.एस.टी. का प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित करें।
03. महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर एवं आंतरिक/प्रायोगिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका का मुद्रण अति गोपनीय है, अतएव न्युनतम दर वाले फर्म को कार्य आदेश प्राप्त होने पर पूर्णतः गोपनीयता का पालन करना होगा।
04. मुद्रित उत्तर पुस्तिकाओं को स्वयं के व्यय पर महाविद्यालय तक पहुंचाकर प्रदान करना होगा, इस दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान की जिम्मेदारी आपकी होगी।
05. महाविद्यालयीन मुख्य सेमेस्टर एवं आंतरिक/प्रायोगिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका मुद्रण के संबंध में अपने फर्म का दर उपरोक्त दर्शित विवरण व आकृति के आधार पर ही देवें
06. क्रय आदेश में उल्लेखित निर्धारित तिथि के भीतर महाविद्यालय को उत्तर पुस्तिका प्रदान करना होगा, नियत तिथि में उत्तर पुस्तिका प्राप्त न होने की स्थिति में क्रय आदेश स्वयंमेव निरस्त माना जावेगा, जिसके लिए महाविद्यालय प्रशासन समिति की जिम्मेदारी नहीं होगी।
07. उत्तर पुस्तिकाओं की मात्रा एवं गुणवत्ता का परीक्षण कर सही पाये जाने पर ही देयक का भुगतान किया जावेगा।
08. निविदा पत्रक निर्धारित तिथि एवं समयावधि में महाविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत की जानी चाहिए अन्यथा के उपरांत प्राप्त निविदा पत्रक को स्वीकार नही किया जावेगा।

09. उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या परिवर्तनशील है, जिसे आवश्कतानुसार कम या ज्यादा किया जा सकता है।

10. अन्य विस्तृत जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 08462055121 पर या उत्तर पुस्तिका नमूना का परीक्षण कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन दिवस एवं समय में कर सकते है।

11. उक्त दर्शित बिन्दुओं के नियम एवं शर्त से विहिन निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी।

12. निविदा संबंधी समस्त अधिकार प्राचार्य, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर के पास सुरक्षित है।

प्राचार्य
डी. पी. विप्र महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

**प्राचार्य**
**डी.पी. विप्र महाविद्यालय**
**बिलासपुर (छ ग.)**

## //प्रमाण पत्र//

मेरे द्वारा निविदा के संबंध में प्रस्तुत की गई समस्त प्रपत्र सत्य एवं सही है, तथा उपरोक्त निविदा में दर्शित समस्त नियम एवं शर्ते मुझे पूर्णतः स्वीकार है, तथा इसके विपरीत निविदा दर प्रस्तुत करने तथा उत्तर पुस्तिका की आपूर्ति न करने की स्थिति में अनुसंशित कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

(फर्म के हस्ताक्षर)
नाम ..........................................................................
पूर्ण पता ....................................................................
मोबाईल नं. ..............................................................

फर्म की सील